प्रेस नोट

चंदौली पुलिस एवं एटीएस की संयुक्त कार्यवाही
5,20,000 रु० की जाली मुद्रा बरामद

दिनाँक : 12 जनवरी 2019

दिनांक 12- 01- 2019 को चंदौली पुलिस एवं एटीएस की संयुक्त कार्रवाई में पं० दीनदयाल जंक्शन चन्दौली के बाहर से एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। जिसके पास से 5,20,000 रुपये (पांच लाख बीस हजार रुपये) मूल्य की भारतीय जाली मुद्रा बरामद हुई। उक्त अपराध के विषय में एटीएस उ.प्र.के पास अभिसूचना प्राप्त हुई थी। जिसे विगत कई दिनों से विकसित किया जा रहा था।

उक्त अभियुक्त के तीन साथी पूर्व मे भारतीय जाली मुद्रा के साथ वाराणसी से एटीएस द्वारा गिरफ्तार किये जा चुके हैं।

उक्त प्रकरण में इस सम्बन्ध में थाना –मुगलसराय,जनपद - चन्दौली में मु.अ.स.-20/19 धारा- 489ख,489ग IPC पंजीकृत कराया गया है।

अभियुक्त का नाम पता -

श्याम बाबू कुमार पुत्र संतोष पाल
नि० रामनगर,थाना सालिमपुर,
जिला पटना,बिहार
उम्र-19 वर्ष

अभियुक्त का फ़ोटो

श्याम बाबू कुमार पुत्र संतोष पाल

पूछताछ विवरण -

- अभियुक्त नें पूछनें पर स्वीकार किया कि इस भारतीय जाली मुद्रा को यह फरक्का से पुणे ,पाटलीपुत्र-पुणे एक्सप्रेस ट्रेन से ले जा रहा था।
- अभियुक्त ने बताया कि पुणे में इन नोटों को लोकल ग्रामीण मार्केट मे चलवाया जाता है।
- अभियुक्त ने बताया कि बरामद रुपए मैं कलियाचक मालदा पश्चिम बंगाल से लेकर आ रहा हूं।
- अभियुक्त ने बताया कि वहां पर पैतालिस हजार असली भारतीय मुद्रा के बदले मे एक लाख रूपए भारतीय जाली मुद्रा के हिसाब से पांच लाख बीस हजार रुपये मैने लिया है ।
- अभियुक्त ने बताया मै इस भारतीय जाली मुद्रा का व्यापार करता हूँ।
- पूछताछ में कुछ अन्य लोगों के नाम भी प्रकाश में आये हैं।

बरामदगी	
2000 के 260 नोट -	5,20,000
योग	5,20,000

अग्रिम कार्यवाही :-

- गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ कर इनके अन्य साथियों का पता लगाया जाएगा।
- ये इन जाली मुद्रा को कैसे प्रयोग करते थे ?

गिरफ्तार करने वाली टीम -:

एटीएस की वाराणसी टीम नि0 श्री शैलेंद्र त्रिपाठी, हे0का0 आलोक सिंह ,का0 रणविजय तिवारी ,का0 प्रभात द्विवेदी का0 नितेन्द्र कृष्ण यादव ,का0 चा0 सुशील सिंह ,कोतवाली मुगलसराय से उ0नि0 श्री मनोज तिवारी ,का0 अनुज कुमार यादव

पुरस्कार -

पुलिस महानिरीक्षक एटीएस लखनऊ द्वारा अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की गयी ।

असीम अरुण आई जी एटीएस

High Resolution फोटो प्राप्त करने के लिए कृपया लिंक पर क्लिक करें :-

https://drive.google.com/file/d/1Jfcxu4Nkk-pyhUyYFAsUPdc_OhmrA9o-/view?usp=sharing